an>

Title: Need to accord approval to the proposal of construction of check dams along the course of River Girna in Maharashtra under Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगाँव) ः मेरे जलगांव क्षेत्र में गिरना नदी का पड़ने वाला रास्ता पहाड़ी है तथा वर्षाकाल में बारिश का सारा जल व्यर्थ बह जाता है। भयंकर सूखे से जलगांव को बचाने हेतु मेरा पिछले एक दशक से यह प्रयास है कि इस 187 किलोमीटर के रास्ते पर कई छोटे-छोटे बांध बनाकर जल संचय किया जाए। तदनुसार महाराष्ट्र सरकार ने एक डी.पी.आर. बनाकर 2015 में केंद्रीय जल आयोग को अनुमोदन हेतु भेजा है। न्यूमेटिकली ऑपरेटेड गेट पर आधारित इसका डिजाइन पूर्णतः आधुनिक है। 9 जनवरी, 2016 को माननीय जल संसाधन मंत्री जी ने इसका हवाई सर्वेक्षण भी किया था। यदि इस परियोजना पर समयबद्ध ढंग से क्रियान्वयन हो जाए तो इस क्षेत्र की पेयजल एवं सिंचाई की परेशानी हमेशा के लिए हल हो जाएगी।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर स्वीकार किया जाए तथा नेशनल प्रोजेक्ट का दर्जा देकर इस हेतु आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाकर समयबद्ध ढंग से कार्यान्वित किया जाए।